**दिनांक 24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के पश्चिमी सरेन पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के पश्चिमी सरेन पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹250.23129 लाख (अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-53 दिनांक-25.10.2024)। |
| 3 | मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - ₹2,54,64,972/-(मु0अभि0(द0) का पत्रांक-1070(द0)अनु0 दिनांक-07.06.2024)। |
| 4 | निविदा की राशि | - ₹ 2,51,96,973/- |
| 5 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-017826(भ0)2025-26 प्रभात खबर समचार पत्र में दिनांक-22.11.2025 में प्रकाशित। |
| 6 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 04.12.2025 |
| 7 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 09.12.2025 / 15.12.2025 |
| 8 | निविदा की तिथि | - 29.12.2025 |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | - 31.12.2025 |
| 10 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - (1) मधुसूदन शर्मा, सोनवर्षा, औरंगाबाद।<br>(2) मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी मैनेजिंग पार्टनर रंजीत कुमार, डेल्हा, गया जी। |

11 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि पूर्व में दिनांक-16.05.2025 को विभागीय निविदा समिति द्वारा द्वितीय बार एकल निविदाकार होने पश्चात् प्रथम दृष्ट्या समूचित प्रतिस्पर्धा की कमी का द्योतक होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**पंचम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 13.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा निविदा मे शामिल कुल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तह्त समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तह्त समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मधुसूदन शर्मा, सोनवर्षा, औरंगाबाद द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु पत्रांक-298 अनु0 दिनांक-21.01.2026 के आलोक में प्रबन्ध निदेशक, झारखंड मेडिकल एण्ड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एवं प्राक्यूरमेंट कार्पोरेशन लि0, एम0सी0एच0 बिल्डिंग, आर0सी0एच0 कैम्पस, नामकुम रॉची द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि **"उक्त प्रसंगाधीन निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र हमारे कार्यालय से निर्गत नहीं है।"**

इस संबंध में पुष्टि हेतु मुख्य अभियंता (द0) के पत्रांक-982 अनु0 दिनांक-08.04.2026 को कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद को जॉच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु पत्र निर्गत किया गया था, उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि **"श्री अजीत कुमार, कनीय अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD. RANCHI के कार्यालय में संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र का भौतिक रूप से जॉच किया गया। जिसकी प्रति संलग्न करते हुए सूचित करना है कि विषयांकित अनुभव प्रमाण-पत्र, संबंधित कार्यालय से निर्गत नहीं है।"**

निविदाकार द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यालय से निर्गत नहीं पाये जाने के कारण तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी मैनेजिंग पार्टनर रंजीत कुमार, डेल्हा, गया जी द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार दो निविदाकार में से एक निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी मैनेजिंग पार्टनर रंजीत कुमार, डेल्हा, गया जी को सफल (2) मधुसूदन शर्मा, सोनवर्षा, औरंगाबाद को असफल घोषित करते हुए बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

12 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के पश्चिमी सरेन पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-13.04.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-30.04.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| **(विकास कुमार पाण्डेय)**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(मनोज कुमार सिंह)**<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(कुमार रवि)**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांक भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-37/2025...1117 S-............ पटना/दिनांक...24/04/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

24.04.2026

E:/V/PSB-F. P./2026/docx 20